रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 20] नई दिल्ली, शनिवार, मई 17—मई 23, 2014 (वैसाख 27, 1936)

No. 20] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 17—MAY 23, 2014 (VAISAKHA 27, 1936)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	861
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	403
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	653
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	517
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	2771
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	463
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	861
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	403
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	653
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	517
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2771
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	463
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I – खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

———

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 29 अप्रैल 2014

राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए)

सं. 8-3/ एमवाईएएस/पायका/2012--

1	अध्याय	परिचय

1.1 परिचय

1.1 खेल और शारीरिक शिक्षा युवाओं के चहुमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमारी जनसंख्या का केवल लगभग 70 प्रतिशत का ही हिस्सा नहीं है। राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 में आधारभूत स्तर पर खेल गतिविधियों के माध्यम से **'खेलों को व्यापक आधार प्रदान करने'** और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर **'खेलों में उत्कृष्टता का संवर्धन करने पर'** विशेष बल दिया गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि खेलों के विकास पर पर्याप्त जोर दिया जाए ताकि यह सामाजिक जीवन के अन्य पहलुओं में व्याप्त हो जाए और युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक, सकारात्मक और सशक्त बनाए।

1.2 खेल गतिविधियों को आधारभूत स्तर तक ले जाने में एक मुख्य बाधा देश में आधारभूत खेल अवस्थापना/सुविधाओं की सीमित उपलब्धता है। इसके अलावा विद्यमान आधार काफी एक-तरफा है क्योंकि यह मोटे तौर पर शहरी क्षेत्रों में संकेन्द्रित है जिसमें जनसंख्या का 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा नहीं रहता। शेष 75 प्रतिशत जनसंख्या जो मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, प्रारंभिक खेल सुविधाओं से भी वंचित है। यह अंतर शहरी-ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में भी बढ़ता जा रहा है जिसका कारण प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कुछेक चुने हुए शहरों में होने के कारण उनमें खेल

अवस्थापना का बड़े पैमाने पर विस्तार होना है। इसी प्रकार खेलों के संवर्धन में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी काफी सीमित है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कुछ अनुमानों के अनुसार स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में 30 मिलियन छात्रों से अधिक को खेल-कूद सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती हैं। शायद अन्य 20 मिलियन युवाओं को ऐसे अवसर युवा क्लबों, खेल क्लबों आदि के माध्यम से उपलब्ध होते हैं। केवल इससे ही यह पता चल जाता है कि खेलों को अभी उस औपचारिक शिक्षा प्रणाली का अंग बनाना है जो अभी मुख्यत: अकादमिक केन्द्रित है। 700 मिलियन युवा (जिसमें 13 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे शामिल हैं) को बहुत कम खेल सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इनमें लगभग 550 मिलियन ग्रामीण युवा (जिसमें 13 वर्ष से कम आयु वाले ऐसे बच्चे भी) शामिल है जो खेल सुविधाओं में शहरी बच्चों से भी अधिक वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास पर पर्याप्त बल दिए बिना खेलों का वैश्वीकरण नहीं किया जा सकता।

1.3 राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए) का उद्देश्य पंचायत स्तर पर आधाररभूत खेल अवस्थापना तथा उपकरण उपलब्ध कराकर तथा ब्लाक और जिला स्तरों पर वार्षिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को प्रोत्साहित करके उपर्युक्त लक्ष्यों को प्राप्त करना है। (आरजीकेए) आधारभूत स्तर पर खेलों का संवर्धन करने में राज्यों की मदद करेगा जो वह गंभीर वित्तीय कमी के कारण, अपने स्वयं के संसाधनों से, करने में सक्षम नहीं हो सकते। इससे खेल प्रतिभा का मूलाधार गहन और व्यापक भी होगा जिससे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होगा।

2. अध्याय राजीव गांधी खेल अभियान

2.1 आरजीकेए: राजीव गांधी खेल अभियान "राजीव गांधी खेल अभियान (आरजीकेए)" विद्यमान स्कीम के अनुसार खेल सुविधाओं के विकास, इसकी पहचान तथा देश में खेल-प्रतिभा को प्रशिक्षण देकर बढ़ावा देना और साथ ही ग्राम पंचायतों और ब्लाक पंचायतों में खेल सुविधाओं के सर्जन हेतु मुख्य कार्यनीति द्वारा एक आवश्यक तथा मजबूत नींव तैयार करना है। देश में खेल इकोसिस्टम सर्जित करने के लिए आरजीकेए एक पक्की इमारत तथा आधारशिला होगी। यह खेलों द्वारा जीवन को आगे बढ़ाने तथा देश को गरिमा प्रदान करने तथा वर्ष 2020 तक देश को विश्व के पहले दस राष्ट्रों में खेल-कूद प्रदान राष्ट्र बनाने में सहायक होगी। **आरजीकेए स्कीम 01 अप्रैल 2014 से कार्यान्वित होगी।** अब से आरजीकेए पायका का स्थान लेगी।

2.2 मिशन विवरण: ग्रामीण युवाओं के बीच खेल-कूद को प्रोत्साहित करना एवं बढ़ावा देना, पंचायत स्तर पर खेल-मैदानों के रुप में उन्हें अपेक्षित बुनियादी खेल अवसंरचना उपलब्ध कराना तथा ब्लाक स्तर पर उपयुक्त किस्म के खेल-उपस्कर समेत उन्नत खेल-अवसंरचना सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराना है। उन्हें ब्लाक, जिला, राज्य और क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल-प्रतियोगिताओं में भागीदारी

का अवसर प्रदान करना हे विशेषकर विद्रोह से प्रभावित क्षेत्रों (पूर्वोत्तर राज्यों) तथा 9 राज्यों के वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित 88 जिलों में।

2.3 मिशन के लक्ष्य:

(i) ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को सर्वसुलभ बनाना तथा लड़के एवं लड़कियों के बीच खेल संस्कृति को बढ़ावा देना।

(ii) भलीभांति तैयार किए गए स्पर्धा ढ़ांचे के द्वारा ग्रामीण युवाओं में उपलब्ध तथा खेलों की क्षमता को पहचानना।

(iii) ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा की पहचान करने व पुष्ट करने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित करना।

(iv) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वर्तमान योजनाओं के तहत इस प्रक्रिया से उत्पन्न उदीयमान खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण व प्रदर्शन के लिए केन्द्रित प्रयास करना।

(v) देशी पारंपरिक तथा आधुनिक दोनों खेलों का संवर्धन; और

(vi) उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों की संख्या में प्रतिपादक विकास को सुविधाजनक बनाने के उदेश्य की पूर्ति के लिए पंचायती स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक के द्वारा प्रतिस्पर्धा के ढ़ांचे के मध्य अटूट एकीकरण सृजित करना।

2.4 मिशन की नीतियाँ:

(i) **एकीकृत अप्रोच:** ग्राम पंचायत स्तर तथा ब्लाक स्तर पर खेल सुविधाओं के सर्जन हेतु एक एकीकृत अप्रोच साथ ही ब्लाक स्तर पर उचित किस्म के खेल उपस्करों को भारत सरकार की विभिन्न विभागों/मंत्रालयों की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत संसाधनों के अभिसरण द्वारा ब्लाक स्तर पर चयन, प्रशिक्षण एवं खेल कोचों/प्रशिक्षकों का ब्लाक स्तर खेल परिसर पर परिनियोजन करना। ब्लाक स्तर खेल परिसरों का प्रचालन तथा रख-रखाव को स्थानीय ब्लाक पंचायतों को प्रयोक्ता प्रभार के रुप मे नाममात्र राशि का चंदा लगाकर सौंपना। ब्लाक, जिला, राज्य, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खेल विधाओं में खेल-प्रतियोगिताएं आयोजित करना, पहले से ही विद्यमान ग्रामीण प्रतियोगिताओं, महिला प्रतियोगिताओं तथा उत्तर-पूर्वी खेलों के अतिरिक्त वामपंथ उग्रवाद द्वारा प्रभावित 9 राज्यों जैसे जम्मू और काश्मीर में भी विशेषकर 88 संख्या के प्रभावित जिलों में, खेल प्रतियोगिताएं आरम्भ करना, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को निष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन उपलब्ध कराना तथा आरजीकेए के उचित कार्यान्वयन के लिए एक व्यापक तथा स्वंतत्र कार्यान्वयन एजेन्सी नियुक्त करना है।

(ii) **मोडयूलर अप्रोच:** मौजूदा सुविधाएं, यदि कोई हो, स्थानीय प्रतिभाओं, स्वदेशी खेलों सहित लोकप्रिय खेलों, स्थानीय बाधाओं इत्यादि को ध्यान में रखते हुए परियोजना तैयार करने में पर्याप्त कार्यात्मक लचीलापन के साथ साक्षेप योजना पर आधारित मोडयूलर दृष्टिकोण का होना।

(iii) **राज्यों तथा संघ राज्यों द्वारा कार्यान्वयन करना:** ब्लाक स्तर पर पूंजीगत परिसंपत्ति के सर्जन हेतु एक-बार सहायता देने तथा सीमित अवधि आवर्ती अनुदान, केन्द्रीय सहायता अनुदान के रुप में दिया जाता है।

(iv) **कंवर्जेन्स अप्रोच:** यह प्रस्ताव है कि भारत सरकार के विभिन्न विभागों/मंत्रालयों जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस); पंचायती राज्य मंत्रालय (एमओपीआर); योजना आयोग (पीसी); ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी); पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्रालय (एमओडीओएनईआर); नई और नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय (एमओएनआरई) तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) शामिल हैं के बीच संसाधन जुटाने संबंधी कंजर्वेन्स अप्रोच हो। ऐसे ही कंवर्जेन्स अप्रोच को भी राज्य तथा स्थानीय विकास स्तर पर बढ़ावा देना और प्रोत्सहित करना है। कार्यक्रम के पूर्ण स्वामित्व हेतु मैदान स्तर की कंवर्जेन्स को सभी स्टेक हाल्डर्स के बीच विशेषकर ग्राम स्तर पर स्थनीय अथवा ब्लाक स्तर, स्थानीय युवा क्लब (जो एनवाईकेएस के पास पंजीकृत है), स्थानीय खेल क्लब, स्थानीय विद्यालय/विश्वविद्यालय, एसएचजी आदि का स्पष्ट रुप से वर्णन प्रस्तुत किया जाए।

(v) **विद्यमान अवसंरचना पर निर्माण:** आरजीकेए स्कूलों/कालेजों में, जहां पर भी उपलब्ध है, विद्यमान खेल अवंसरचना का उपयोग करेगा और उनका निर्माण करेगा और उसको आगे मजबूत कर, इसे सामुदायिक खेलों के साथ जोड़ेगा। इसके अतिरिक्त, जहां कहीं पहले पायका के अंतर्गत अवसंरचना का सर्जन हो चुका है, आरजीकेए इन सुविधाओं का उपयोग कर इन्हें उन्नत बनाने का प्रयास करेगा।

(vi) **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय:** भाखेप्रा, राज्य सरकारों; और खेल संवर्धन संगठनों जैसे राज्य खेल संघों/परिषदों, भारतीय ओलंपिक संघ, राष्ट्रीय खेल परिसंघों तथा अन्य लोक एवं निजी खेल संवर्धन निकायों द्वारा चलाई गई विभिन्न खेल स्कीमों के जरिए प्रतियोगिता ढ़ांचा, प्रबंधन ढ़ांचा, प्रतिभा खोज और प्रशिक्षण ढ़ांचा, अवसंरचना और पुरस्कार ढ़ांचा का सर्जन करना है।

(vii) **मानीटरिंग एवं पर्यवेक्षण:** ग्राम पंचायत स्तर तथा ब्लाक स्तर पर खेल-सुविधाओं के सर्जन हेतु परिशोधित स्कीम में नियत निर्णायक भूमिका को ध्यान में रखते हुए तथा जिला, राज्य, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर के माध्यम से ब्लाक स्तर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं ग्रामीण, महिला, उत्तर-पूर्वी खेलों तथा विशेष क्षेत्र के खेलों के तहत खेलों की प्रतिभा पहचानने के लिए, यह आवश्यक है कि स्कीम के कार्यान्वयन और प्रगति का ध्यानपूर्वक मॉनीटर तथा पर्यवेक्षण

किया जाए। इसलिए, यह प्रस्ताव है कि स्कीम के ध्यानपूर्वक पर्यवेक्षण तथा मॉनीटरिंग के लिए किसी स्वतंत्र मानीटरिंग एजेन्सी को काम में लगाया जाए।

2.5 मिशन अभियान: एमवाईएएस, एनवाईकेएस, एसएआई तथा राज्य सरकार के तंत्र में स्पोर्टस ब्यूरो (मिशन निदेशालय) के माध्यम से मिशन अभियान के समग्र अभियान को आयोजित किया जाएगा। लक्षित समूहों जिनमें स्पोर्टस क्लब, यूथ क्लब, स्व-सहायता समूह, खेल-गतिविधियों में संलग्न गैर-सरकारी संगठन शामिल है, में आरजीकेए के बारे में सूचना प्रसारित करना तथा उत्साह-सर्जन करना; मिशन का मुख्य उद्देश्य है। मीडिया, प्रकाशन, सेमिनार, कार्यशालाओं आदि के माध्यम से अभियान शुरु करने के लिए उपयुक्त वित्तपोषण की व्यवस्था की जाएगी।

2.6 मिशन कवरेज तथा अवधि: यह कार्यक्रम देश की सभी ग्रामों की ग्राम पंचायतों (लगभग 8-10 ग्रामों/ग्राम पंचायतों) तथा ब्लाक पंचायतों/समकक्ष यूनिटों को कवर करने का लक्ष्य रखता है। वर्तमान में देश में 634 ग्रामीण जिले, 6545 ब्लाक पंचायतें तथा लगभग 2,50,000 ग्राम पंचायतें हैं।

2.7 मिशन पर परिव्यय: 11वीं योजना के लिए योजना आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया मिशन का परिव्यय 1500 करोड़ रुपये था। तथापि, 11वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए वास्तविक आवंटन 742.20 करोड़ रुपये था। यद्यापि 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए निधि की मांग 3772 करोड़ रुपये बिना किसी मुद्रास्फीति अनुक्रमण के प्रक्षेपित की गई है, वास्तविक आवंटन केवल 1200 करोड़ रुपये है। आरजीकेए के अंतर्गत 6545 ब्लाकों तथा 634 ग्रामीण जिलों को कवर करने के लिए लगभग 4513 करोड़ रुपये निधि की आवश्यकता है तथा अन्य स्कीमों अर्थात मनरेगा, एनएलसीपीआर-सेन्ट्रल बीआरजीएफ तथा वामंपथ उग्रवाद प्रभावित जिलों हेतु लगभग 8300/- करोड़ रुपये अभिसरण द्वारा प्राप्त होना हैं।

2.8 मिशन संरचना

राष्ट्रीय स्तर मिशन संरचना में सामान्य परिषद, कार्यपालक समिति तथा मिशन निदेशालय शामिल है। स्कीम के कार्यान्वयन/मॉनीटर करने के लिए खेल विभाग अथवा खेल प्राधिकरण/परिषद में राज्य/संघ राज्य स्तर पर आरजीकेए प्रकोष्ठ है। आरजीकेए स्कीम के प्रशासन हेतु जिला और ब्लाक स्तर कार्यपालक समिति के अतिरिक्त एक राज्य स्तर कार्यपालक समिति (एसएलईसी) है। राष्ट्रीय/राज्य और जिला स्तर पर पायका की संरचना निम्न रुप से है।

2.8.1 सामान्य परिषद:

1	**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री**	**अध्यक्ष**
2	सचिव, खेल, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय	सदस्य
3	सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, सचिव योजना आयोग, सचिव पंचायती राज, सचिव पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, सचिव नई और नवीकरण ऊर्जा और सांख्यकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वन (एसपीआई)	सदस्य
4	सलाहकार, योजना आयोग	सदस्य
5	पांच चयनित पंचायत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव	सदस्य
6	महा-निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण	सदस्य
7	महा-निदेशक, नेहरु युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस)	सदस्य
8	संयुक्त सचिव (युवा कार्यक्रम)	सदस्य
9	वित्तीय सलाहकार (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय)	सदस्य
10	राष्ट्रीय खेल फेडरेशनों से तीन प्रतिनिधि	सदस्य
11	संयुक्त सचिव (खेल विभाग) तथा मिशन निदेशक, आरजीकेए	सदस्य सचिव

सामान्य परिषद भूमिका और जिम्मेवारियाँ:- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री द्वारा अध्यक्षता की जाने वाली की सामान्य परिषद (जीसी), मिशन के लिए सबसे उच्चतम नीति निर्माण निकाय है। नीति संबंधी दिशा निर्देश तथा मिशन को दिए जाने वाले निदेशन समेत, दिये जाने सम्पूर्ण दिशा-निर्देशों के अतिरिक्त, सामान्य परिषद मिशन के निष्पादन की भी पूरी तरह समीक्षा करेगी। जीसी को यह भी अधिकार होगा कि वे मिशन कार्मिकों के अमले का निर्धारण कर उन्हें अपना अनुमोदन दे तथा उनके अनुबंध निबंधन और शर्तों को सुनिशिचत करे। आरजीकेए(टीएससीबीएस) निर्धारित निधि का प्रबंधन करें, व्यक्तियों को प्रतिनियुक्ति आधार पर मिशन निदेशालय में भर्ती होने की अनुमति दें, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विशेषज्ञ/परामर्शताओं के निबंधन और शर्तो का निर्धारण कर उन्हें अनुमोदन दे, मिशन निदेशालय के लिए ऊपरी खर्चो का अनुमोदन दें तथा इसे निधि के इष्टतम उपयोग करने के उद्देश्य से राज्यों के अंदर संसाधनों और घटकों को पुन:आबंटित करने का अधिकार दिया गया है। यह प्रतियोगिता अनुदान संबंधी कुछ घटक जैसे (बस/रेल का किराया) यात्रा भत्ता है जिनमें स्पष्ट कारणों हेतु आवधिक परिशोधन की आवश्यकता है। सामान्य परिषद को प्रतियोगिता अनुदान के विभिन्न घटकों की वित्तीय सीमा समेत सभी नीति संबंधी मामलों तथा प्रशासनिक मामलों में समस्त बजटीय सीमा को ध्यान में रखकर निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। सामान्य परिषद छ: माह में कम से कम एक बार अवश्य मिलेगी।

2.8.2 कार्यपालक समिति:-

1	**सचिव, खेल, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय**	**अध्यक्ष**
2	संयुक्त सचिव (खेल विकास) तथा मिशन निदेशक	सह-अध्यक्ष
3	संयुक्त सचिव, (युवा कार्यक्रम)	सदस्य
4	वित्तीय सलाहकार (युवा कार्यक्रम और खेल)	सदस्य
5	सचिव, युवा कार्यक्रम और खेल तथा छः राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पंचायती राज्यों में चयनित सचिव	सदस्य
6	छः चयनित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण विभागों के सचिव	सदस्य
7	पूर्वोत्तर राज्यों के योजना सचिव	सदस्य
8	वामपंथी उग्रवादी प्रभावित जिलों के लिए एसीए हेतु 9 राज्यों गृह/योजना के सचिव	सदस्य
9	चयनित वीआरजीएफ राज्यों के सचिव (6 संख्या में)	सदस्य
10	ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज, योजना आयोग, पूर्वोत्तर विकास, (डीओएनईआर), नई तथा नवीकरण ऊर्जा (एमएनआरई), सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन के प्रतिनिधि जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव से कम रैंक के न हो।	सदस्य
11	महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण	सदस्य
12	महानिदेशक, नेहरु युवा केन्द्र संगठन	सदस्य
13	कार्यकारी निदेशक (अकादमी), एसएआई एनएस, एनआईएस पटियाला	सदस्य
14	निदेशक पीआरसी, एलएनयूपीई, ग्वालियर (म.प्र.)	सदस्य
15	राज्यों/संघ राज्यों में खेल/युवा सेवाओं के सचिव, जिनके प्रस्तावों पर कार्यपालक समिति की बैठकों में विचार किया जाता हो	सदस्य
16	डोमेन विशेषज्ञ परामर्शदाता (परियोजना अधिकारी)	सदस्य
17	आरजीकेए के उपसचिव/निदेशक (खेल) तथा उपमिशन निदेशक आरजीकेए	सदस्य-सचिव

कार्यपालक समिति की भूमिका और जिम्मेवारियाँ:- कार्यपालक समिति (ईसी) को आरजीकेए के मिशन योजना को अनुमोदित करने तथा राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों की वार्षिक कार्रवाई योजनाओं के ब्यौरे को अनुमोदित करने, राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य तकनीकी पशमर्शदाता तथा क्षेत्र खेल विशेषज्ञ परामर्शदाता को नियुक्त करने, विभिन्न शीर्षी के अंतर्गत व्यय के स्वीकार्य मदों की सूची, अध्ययनों, मिशन के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता को नियुक्त करने, अन्य खेल योजनाओं के साथ संयोजन कर समीक्षा

करने और ऐसे अन्य अधिकारो का प्रयोग करने जो सामान्य समिति द्वारा सौंपा जाए, को पूरा करने का अधिकार होगा ।

2.8.3 राज्य स्तर कार्यपालक समिति

1	**मुख्य सचिव**	**अध्यक्ष**
2	युवा कार्यक्रम और खेल, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, विज्ञान तथा प्रोद्योगिकी तथा योजना के सचिव	सदस्य
3	5 चयनित जिलों के डीएम और कलैक्टर	सदस्य
4	अध्यक्ष/महानिदेशक/राज्य खेल प्राधिकरण के प्रबन्ध निदेशक	सदस्य
5	क्षेत्रीय समन्वयकर्ता, भारतीय खेल प्राधिकरण	सदस्य
6	क्षेत्रीय निदेशक, एनवाईकेएस	सदस्य
7	राज्य तकनीकी परामर्शदाता, आरजीकेए	सदस्य
8	राज्य खेल परिसंघों से तीन प्रतिनिधि	सदस्य
9	निदेशक (युवा कार्यक्रम और खेल) तथा राज्य मिशन निदेशक	सदस्य-सचिव

राज्य स्तर कार्यपालक समिति की भूमिका एवं जिम्मेवारियाँ:- राज्य स्तर कार्यपालक समिति को जिला आरजीकेए मिशन प्लान तथा वार्षिक कार्रवाई प्लान को मंजूर करने तथा खेल अवसंरचना के सृजन हेतु एवं प्रतियोगिताओं का वार्षिक केलेन्डर तैयार करने संबंधी राज्य आरजीकेए मिशन प्लान तथा वार्षिक कार्रवाई प्लान को अंतिम रुप देने, समग्र मिशन दिशा-निर्देशों के तहत् राज्य के अन्दर स्रोतों को पुन: आबंटन करने; राज्य तकनीकी परामर्शदाता की नियुक्त करने, सम्पूर्ण सुझाव तथा निर्देशन देने; अतिरिक्त सदस्यों/अतिथियों को नामित करने; तथा मिशन के कार्यान्वयन को माँनीटर करने, उसकी समीक्षा करने तथा मूल्यांकन करने का अधिकार होगा।

2.8.4 जिला स्तर कार्यपालक समिति:

1	**डीएम/कलेक्टर/उपायुक्त**	**अध्यक्ष**
2	जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी(सीईओ, डीपी) /जिला ग्रामीण विकास एजेन्सी के परियोजना अधिकारी(पीडी, डीआरडीए)	उपाध्यक्ष
3	चयनित पंचायत समितियों के पांच सभापति तथा चयनित पंचायतों के पांच सरपंच	सदस्य
4	जिला पंचायत अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी	सदस्य
5	जिला युवा समन्यवयकर्ता, नेहरु युवा केन्द्र संगठन	सदस्य
6	जिला खेल अधिकारी	सदस्य सचिव

विशेष अतिथि:-

1. अध्यक्ष जिला पंचायत
2. संसद सदस्य

जिला स्तर कार्यपालक समिति की भूमिका एवं जिम्मेवारियाँ:- जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) को सम्पूर्ण मिशन दिशा-निर्देशों के अंतर्गत ब्लाकों के चरणबद्ध कवरेज की सिफारिश करना; ब्लाक मिशन योजनाओं को अनुमोदित करना तथा खेल अवसंरचना के सृजन और प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र में जिलास्तरीय मिशन योजना को अंतिम रुप देकर तैयार करना, पूरे मिशन को दिशा निर्देशों के अंदर जिले में संसाधनों को पुन: आबंटित करना, उन्हें अंतिम रुप देकर निर्धारित प्रपत्र में तैयार करना, पूरे मिशन दिशा निर्देशों के अंदर जिलें में संसाधनों को पुन: आबंटित करना, पूरे दिशा निर्देश देना और पंचायत ब्लाक और जिला स्तरीय मिशन के कार्यान्वयन की निगरानी करना, समीक्षा करना तथा मूल्यांकन करना और ऐसे अन्य अधिकार जैसा कि राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उन्हें सौंपा जाए, को पूरा करने का अधिकार होगा।

समितियों के ऊपर वर्णित अध्यक्षों को अधिकार है कि वह समिति का गठन किसी भी सदस्य को शामिलकर/छोड़कर/सहयोजित कर करें तथा किसी भी विशेष अतिथि को सम्बद्ध स्तर पर मांग की आवश्यकतानुसार आमंत्रण दे।

2.9 फंडिंग पैटर्न:

(i) राज्य का हिस्सा: खेल राज्य का विषय होने के कारण, राज्यों को खेलों पर कुछ भाग खर्च करना होगा ताकि इस योजना में राज्यों द्वारा सहभागिता संबंधी अनुमति तथा स्वामित्व जाग्रत होगा। इसलिए, यह सिफारिश की जाती है कि खर्चो का केन्द्र और राज्य सरकार के बीच विद्यमान पैटर्न सामान्य राज्यों के लिए 75:25 के अनुपात में तथा विशेष श्रेणी राज्यों के संबंध में 90:10 के अनुपात में अनावर्ती अनुदान में जारी रखा जाए।

(ii) मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम स्तर खेल-मैदानों का सर्जन: आरजीकेए स्कीम अन्य संगठनों/स्कीमों से संसाधनों को संचारित कर अभिसरण अप्रोच की ओर ध्यान दिलाती है। इस संबंध में, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना दिनांक 14 जनवरी, 2013 के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत ग्राम स्तर पर खेल मैदानों के निर्माण को एक क्रिया-कलाप के रुप मे शामिल किया है। इसके अतिरिक्त, आरजीकेए स्कीम में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के प्रयोग हेतु खेल-मैदानों के निर्माण के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए है। इसलिए यह प्रस्ताव किया जाता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की मनरेगा स्कीम के तहत ग्राम स्तर पर खेल मैदानों का विकास किया जाए, चूंकि मनरेगा निधि का एक मुख्य भाग केवल श्रमिकों के लिए बना है। पंचायत को खाली पड़ी भूमि प्रदान करना है तथा पिछले वर्षो पायका के अंतर्गत सर्जित किए गए खेल-मैदानों तथा मनरेगा के तहत् सर्जित किए जा रहें खेल-मैदानों को एवं आरजीकेए के अंतर्गत सर्जित की जाने वाली ब्लाक स्तर खेल अवसंरचना सुविधाओं का भी अनुरक्षण/अपग्रेडेशन अपने हाथ में लेना है। वे पंचायतें जिनके पास स्कूल खेल अवसंरचना समेत पहले से ही बुनियादी खेल अवसंरचना सुविधाएं है तथा जिन्हें सामुदायिक खेलों हेतु स्कूल घंटो के बाद तथा अवकाश के दिनों में भी उपयोग में लाया जा सकता है उन्हें यह सुनिशिचत करना चाहिए कि ऐसी अवसंरचना को सामुदायिक उपयोग अथवा खेल क्लबों/यूथ क्लबों

द्वारा प्रबन्ध किए जाने पर उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। विद्यालयों को पहली वरीयता दी जाए, यदि उनके पास भूमि उपलब्ध है। प्रयास किया जाए कि मनरेगा के अंतर्गत, प्रत्येक ग्राम पंचायत के तहत् कम से कम एक खेल-मैदान सर्जित हो सके।

(iii) यह प्रस्ताव है कि अभी तक ग्राम पंचायतों तथा ब्लाक पंचायतों को जारी किया गया एक बार पूंजी अनुदान (अनावर्ती अनुदान) तथा वार्षिक अर्जन अनुदान तथा वार्षिक प्रचालन अनुदान (आवर्ती अनुदान) की निधि को सुरक्षित रखा जाए। राज्यों/संघ राज्यों से कहा जाए कि अभी तक जारी की गई निधि के संबंध में उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) प्रस्तुत करें तथा अपने लेख का निपटान करें। वर्तमान आरजीकेए स्कीम के अनुसार राज्यों/संघ राज्यों को ग्राम पंचायतों तथा ब्लाक पंचायतों हेतु कोई आगे अनुदान की मंजूरी नहीं दी जाएगी। अनुदान आगे जारी नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर क्रीड़ाश्री को इस प्रस्ताव पर ध्यान देना होगा।

(iv) आरजीकेए स्कीम के अंतर्गत ब्लाक स्तर पर खेल अवसंरचना के विकास हेतु राज्यों/संघ राज्यों को तीन घटकों के साथ सहायता अनुदान मुहैया कराया जाता है। इसके अतिरिक्त, ब्लाक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए निधि को नीचे दिए ब्यौरे अनुसार सहायता-अनुदान के रुप में मुहैया कराया जाता है:--

2.9.1 अवसंरचना घटक:

(i) ब्लाक स्तर पर खेल सुविधाओं के सर्जन हेतु एक बार पूंजी अनुदान: खेल प्रतिभा के सुधार हेतु, यह भी आवश्यक है कि ब्लाक स्तर पर पर्याप्त बढिया किस्म की खेल अवसंरचना सुविधा को बढ़ाया जाए। तदनुसार, यह प्रस्ताव है कि अगले 5 वर्ष की अवधि के अंदर पर्याप्त खेल अवसरंचना सुविधाएं सर्जित की जाएं। यह भी प्रस्ताव है कि ब्लाक स्तर खेल परिसर में निम्नलिखित खेल-कूद सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं:-

(क) बाहरी खेल-कूद विधाएं:-

- एथेलेटिक्स
- तीरंदाजी
- बैडमिंटन (2 मैदान)
- बास्केट बाल
- फुटबाल
- हैंडबाल
- हॉकी
- कबड्डी
- खो-खो
- टैनिस तथा
- वालीबाल

(क) इन 11 संख्याओं में से, बाहरी खेल विधाएं हेतु 5 खेल विधाएं एथेलेटिक्स बैडमिंटन; फुटवाल/हॉकी; कबड्डी/खो-खो तथा वालीबाल/बास्केटबाल अनिवार्य होगी।

(ख) बाकी छः संख्याओं में से, बाहरी खेल विधाएं अर्थात तीरंदाजी, फुटबाल/हॉकी; हैंडबाल; कबड्डी/खो-खो; वालीबाल/बास्केटबाल तथा टैनिस है, इसमें राज्य को विकल्प होगा कि इसमें से कोई तीन अथवा सभी विधाओं को चयन करें।

(ग) राज्य को यह भी विकल्प होगा कि वह बकाया तीन विधाओं में से किसी भी विधा को प्रतिस्थापित करें।"इन 11 संख्या की विधाओं में से बाहरी खेल विधाएं स्थानीय महत्व तथा मांग के अनुसार होगी। निशानेबाजी भी एक वैकल्पिक खेल विधा है। **राज्य को यह विकल्प होगा कि वह बाकी 3 में से किसी एक को प्रतिस्थापित करें। बाकी 11 भीतरी खेल विधाओं में निशानेबाजी खेल विधा को भी शामिल करें।**

(घ) बाहरी खेल विधाओं हेतु कुल अनुमानित लागत अनुमानतः 80 लाख रुपये है। मनरेगा के अंतर्गत खेल-विधाओं का चयन 80 लाख रुपये की कुल राशि के अंतर्गत होगा तथा जनशक्ति तथा सामग्री अवयवों हेतु यह क्रमशः 60 और 40 होगा।

(ख) भीतरी खेल विधाएं:-

- मुक्केबाजी
- कुश्ती
- टेबलटेनिस
- भारोत्तोलन
- एक मल्टी-जिम की व्यवस्था

विभिन्न भीतरी खेल विधाओं की अनुमानित लागत 80 लाख रुपये है, इसलिए बाहरी खल मैदानों की लागत समेंत, कुल जोड़ 1.60 करोड़ रुपये है। 3 खेल प्रशिक्षकों के बैठने की व्यवस्था के अतिरिक्त भीतरी हाल का एक भाग जिसका अधिमापन 30 स्क्वायर मीटर होगा का उपयोग यूथ रिसोर्स सेन्टर के लिये किया जाएगा।

(ग) प्रस्तावित फंडिंग पैटर्न: ऊपर वर्णित प्रत्येक ब्लाक पंचायत के लिए अनुमानित 1.60 करोड़ रुपयों में से, 50 प्रतिशत मनरेगा से तथा बाकी 50% निम्न स्कीमों में से वरीयता क्रम से मिलेगा।

- नान लेप्सेवल सेन्ट्ल पूल आफ रिसोर्सिस (एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल) - (पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय)
- वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों (एलडब्ल्यूई) हेतु एसीए - (योजना आयोग)
- पिछड़े क्षेत्र अनुदान निधि-(बीआरजीएफ) - पंचायती राज मंत्रालय
- आरजीकेए (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय)

(क) मनरेगा ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के अंतर्गत फंडिंग: ब्लाक स्तर के प्रस्तावित खेल परिसर में, जैसा कि ऊपर पहले ही वर्णित है, दो श्रेणी की खेल विधाएं अर्थात बाहरी तथा भीतरी होंगी। मनरेगा, के अनुसार, नरेगा निधि का उपयोग वेतन तथा सामग्री हेतु केवल 60:40 के अनुपात में लगाया जाना चाहिए। चूंकि निधि के मुख्य भाग का उपयोग लगभग 6-7 एकड़ भूमि के विकास तथा लेवलिंग समेत केवल अकुशल श्रमिक घटकों पर लगाए जाने की आवश्यकता है। यह प्रस्ताव किया

जाता है कि मनरेगा निधि को केवल बाहरी खेलों के विकास के लिए उपयोग में लाया जाए ताकि अकुशल श्रमिक घटक बनाम कुशल/अर्द्धकुशल तथा सामग्री संबंधित घटकों का क्रमश: 60:40 का अनुपात बना रहे। एमजीएनआरईजीए के दिशा-निर्देश जैसे कार्य को विभागीय रुप से लेना; ठेकेदारों का आवेष्टन न करना; मशीनरी का उपयोग न होना; कार्य को ग्राम/ब्लाक पंचायत श्रमिक बजट आदि में शामिल करना आदि का कठोरता से पालन किया जाए। प्रत्येक बाहरी विधा की अनुमानित लागत 80 लाख रुपये है। यह लागत त्रिपुरा सरकार के ग्रामीण विकास विभाग पर आधारित 11 बाहरी खेल विधाओं हेतु खेल अवसंरचना सुविधाओं के लिए तैयार किए गए अनुमान के द्वारा आगे पुन: विधिमानित किया गया था। फिर भी, जैसा कि अनुमानित लागत राज्य में अलग-अलग है, इसे आरडी विभागों के एसएसआर के अंतर्गत, यदि यह वर्तमान में अलग-अलग है, तो इसे प्रत्येक राज्य द्वारा अलग-2 घोषित किए गए अकुशल/अर्द्ध-कुशल तथा कुशल श्रमिक के न्यूनतम वेतन के तहत संशोधित करने की आवश्यकता है। इसलिए प्रत्येक खेल परिसर 50% लागत को मनरेगा से पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।

(ख) पूर्वोत्तर क्षेत्रों का विकास मंत्रालय (एमओडीएनईआर) के अंतर्गत नान-लेप्सेबल सेन्ट्ल पूल आफ रिसोर्सिस (एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल) के तहत फंडिंग: उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय का एनएलसीपीआर सेन्ट्रल पार्ट सिक्किम समेत विभिन्न उत्तर-पूर्वी राज्यों की लोक अवसंरचना के सृजन का प्रबन्ध करता है। यह प्रस्ताव है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के भीतरी खेल हाल की लागत को एनएलसीपीआर से पूरा किया जाए। एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल के दिशा-निर्देशों के अनुसार भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा सम्बद्ध राज्यों को एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल पार्ट के अंतर्गत प्राथमिकता आधार से अपेक्षित निधि जारी करने के लिए अलग से प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे ताकि वर्ष 2014-15 से आगे प्रारम्भ होने वाले वर्षों हेतु इस स्कीम के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्रों के विकास मंत्रालय द्वारा अपेक्षित निधि जारी की जा सके।

(ग) वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों हेतु एसीए के अंतर्गत फंडिंग (योजना आयोग): 9 राज्यों में फैले 88 जिलों में जिसमें 1189 ब्लाक शामिल हैं, योजना आयोग के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों हेतु एसीए स्कीम के तहत कवर किए गए है। इस स्कीम के अंतर्गत खेल परिसरों के विकास को उक्त स्कीम के दिशा-निर्देशों और मापदंडो का अनुपालन करते हुए एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों हेतु एसीए के **"शीर्षक लोक अवसंरचना और सेवाओं"** के अंतर्गत कवर किया जा सकता है।

(घ) बीआरजीएफ के अंतर्गत फंडिंग (एमओपीआर): पंचायती राज मंत्रालय के बीआरजीएफके अंतर्गत, प्रत्येक जिले को 30 करोड़ रुपये वार्षिक की एक नियत न्यूनतम राशि प्रदान की जाती है। इस निधि का उपयोग संविधान की 11वीं और 12वीं अनुसूची में वर्णित किसी भी उद्देश्य हेतु विकास में सहायक मदों के अंतर्गत काम में लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एससी तथा एसटी विकास हेतु उद्विष्ट प्राथमिकता मदों की सूची "ग्रामीण खेल मैदानों में लगा दी जाएगी। इसलिए, यह प्रस्ताव है कि इस स्कीम के लिए बीआरजीएफ निधि का उपयोग किया जाए। जहां कहीं भी एलडब्ल्यू ई प्रभावित जिलों

हेतु एसीए तथा बीआरजीएफ की किसी जिले में कोई ओवरलेप है तो पहले वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ड.) आरजीकेए (एमवाईएएस) के अंतर्गत फंडिंग: एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों तथा बीआरजीएफ हेतु एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल, एसीए से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पश्चात आरजीकेए स्कीम के अंतर्गत एमवाईएएस द्वारा खेल परिसर के निर्माण हेतु बाकी ब्लाकों/जिलों को कवर किया जाएगा। यह प्रस्ताव है कि खर्चे के हिस्से को विद्यमान पैटर्न के अनुसार केन्द्र और राज्यों के बीच सामान्य राज्य के लिए 75:25 के अनुपात में तथा विशेष श्रेणी राज्यों (7 पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, जम्मू और काश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड) तथा संघ राज्यों को 90:10 अनुपात में जारी रखा जाए। वे संघ राज्य जहां विधान सभा नहीं हैं, 100% केन्द्रीय सहायता की मौजूदा पद्धति जारी रखी जाए।

(च) एमपीएलएडीएस के अंतर्गत फंडिंग: जैसा कि पायका स्कीम सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के एमपीएलएडीएस के साथ अभिसरित हो गई है, आवश्यकता पड़ने पर, संसद सदस्य निर्वाचन क्षेत्र से समन्वय स्थापित कर एमपीएलएडी से निधि प्राप्त की जाए बशर्ते कि सम्बद्ध संसद सदस्य द्वारा इस पर अपनी सहमति व्यक्त की गई हो। एमएलएएलएडीएस निधि का उपयोग भी उसी प्रकार किया जा सकता है जहां कहीं राज्यों ने एमएलएएलडीएस को पायका आरजीकेए के अभिसरण हेतु आदेश जारी किए हो बशर्ते कि इस पर सम्बद्ध एमएलए द्वारा इस पर अपनी इच्छा व्यक्त की हो।

(घ) विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत जिलों और राज्यों को कवर करना: विभिन्न स्कीमों अर्थात एनएलसीपीआर सेन्ट्ल (एमओडीओएनईआर); एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों हेतु एसीए (योजना आयोग); तथा बीआरजीएफ (एमओपीआर) के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/संघ राज्यों के विभिन्न जिलों में कवर किए गए ब्यौरे के अनुसार राज्यों/संघ राज्यों को खेल अवसंरचना के विकास के लिए 80 लाख रुपये प्रति ब्लाक के हिसाब से यह अनुदान उपलब्ध कराया जाता है **(अनुबंध 1)।** आरजीकेए के अंतर्गत, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के बीच शेयरिंग पैटर्न सामान्य राज्यों के लिए 75:25 तथा विशेष श्रेणी राज्यों के लिए 90:10 होगा। तदनुसार, प्रति ब्लाक पंचायत केन्द्रीय अनुदान सामान्य राज्यों के लिए 60 लाख रुपये तथा विशेष श्रेणी राज्यों के लिए 72 लाखरुपये का होगा। सामान्य राज्यों के संबंध मे बकाया राशि 20 लाख रुपये प्रति ब्लाक पंचायत तथा विशेष श्रेणी राज्यों के संबंध में 8 लाख रुपये प्रति ब्लाक पंचायत, राज्यों द्वारा अंशदान के रुप में दी जाएगी। नरेगा, एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल; एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों के लिए एसीए तथा वभिन्न मंत्रालयों की बीआरजीएफ स्कीमों हेतु केन्द्र और राज्य के हिस्से में विद्यमान फंडिंग पैटर्न का पालन किया जाएगा।

(ड.) वित्तीय लागत: कुल अनुमानित वित्तीय लागत (अनावर्ती) निम्न रुप से होगी:-

(करोड़ रुपयों में)

क्रम सं.	स्रोत	अपेक्षित कुल निधि	वार्षिक मांग
1	एमजीएनआरईजीए	**5236.00**	1047.20
2	एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल	**452.80**	90.56
3	एलडब्ल्यू प्रभावित क्षेत्रों के लिए एसीए	**951.20**	190.24
4	बीआरजीएफ	**1654.40**	330.88
5	आरजीकेए	**2747.85**	549.55
	कुल	**11042.25**	**2208.45**

(ii) खेल उपस्कर तथा खेल फर्नीचर के लिए अर्जन अनुदान: खेल परिसर के निर्माण की लागत के अतिरिक्त, यह प्रस्ताव है कि एमवाईएएस देश भर के सभी ब्लाकों में खेल उपस्कर तथा फर्नीचर की खरीद के लिए क्रमश: 15 लाख रुपये तथा 1.5 लाख रुपये की निधि मुहैया कराएगा। यह 100% केन्द्रीय सहायता के रुप में प्रस्तावित है। खेल उपस्कर तथा फर्नीचर उपलब्ध कराने के संबंध में, यह प्रस्ताव है कि वर्ष 2015-16 से निधि का वितरण आरंभ किया जाए, जब तक यह मंजूर किया गया खेल परिसर उपयोग के लिए तैयार होगा।

2.9.2 प्रचालन अनुदान: यह 100% केन्द्रीय अनुदान है जो प्रत्येक खेल कोच को 3500/-रुपये की दर से तथा दो खेल प्रशिक्षकों को प्रति 2500/- रुपये प्रति ब्लाक खेल परिसर हेतु मानदेय के भुगतान को शामिल कर पांच वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। **ब्लाक स्तर खेल परिसर पर परिनियोजित तीन खेल प्रशिक्षकों में से कम से कम एक महिला होनी चाहिए।** राज्य/संघ राज्य इस बात के लिए स्वंतत्र है कि वे मानदेय की समान बराबरी की राशि खेल कोच/प्रशिक्षक को अपने संसाधनों से मानदेय के रुप में दें। इसके अतिरिक्त, जिला/ब्लाक खेल परिषद/ब्लाक पंचायतों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे मास्टर खेल प्रशिक्षक तथा दो खेल प्रशिक्षकों को मानदेय की समान राशि का अंशदान दें ताकि मास्टर खेल कोच तथा दो खेल प्रशिक्षक एक बहुत बड़ी तथा एक-मुश्त राशि मानदेय के रुप में प्राप्त कर सकें तथा वे आरजीकेए के अंतर्गत ब्लाक स्तर खेल परिसर में खेल प्रतिभा में अपने प्रशिक्षण कार्य में सक्रिय रुप से रुचि ले सकें। पांच वर्ष के बाद, राज्य सरकार की यह जिम्मेवारी होगी कि वे इस घटक में निधि उपलब्ध कराए।

2.9.3 मास्टर खेल प्रशिक्षक/खेल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर लागत: कुल 19635 मास्टर खेल प्रशिक्षक तथा खेल प्रशिक्षक (6545x3) को उचित रुप से प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षण की अनुमानित

लागत 12.96 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है तथा इन सभी 19635 कोचों और उनके प्रशिक्षण पर 3 वर्ष की अवधि में प्रशिक्षण हेतु लागत 64.80 करोड़ रुपये है। इसका ब्यौरा **अनुबंध 2 पर** है।

2.9.4 वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं: आरजीकेए स्कीम का एक मुख्य क्षेत्र प्रतियोगिताओं/ टूर्नामेन्टों का आयोजन करना है। वार्षिक टूर्नामेन्ट सभी के लिए विशेषकर ग्रामीण युवाओं के लिए अपनी खेल प्रतिभा में उत्कृष्टता दिखाने के लिए एक प्लेटफार्म तैयार करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता खेल कौशलता का निर्माण करती है तथा युवाओं के मध्य प्रतियोगी स्फूर्ति है। इससे स्वास्थ्य, आत्म-विश्वास, नेतृत्व योग्यता तथा सामाजिक समावेशता मे भी सुधार होगा। पूरे देश में संगठित तरीके से वार्षिक टूर्नामेन्टों के आयोजन से संबंधित नियमों और विनियमों समेत दिशा-निर्देशों को समय-समय पर संशोधित कर उनका अनुपालन किया जाएगा। जिला स्तर प्रतियोगिताओं में ग्रामीण युवा (दोनों लड़के और लड़कियां) जो कि प्रतियोगिता वर्ष में 31 दिसम्बर को 16 वर्ष से कम आयु के हैं, इनमें भाग ले सकते हैं। भारत सरकार राज्यों/संघ राज्यों तथा अन्य नामित एजेन्सियों को ब्लाक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निम्न प्रतियोगिताओं/खेलों का आयोजन करने के लिए, नीचे दिए गए ब्यौरे अनुसार 100% अनुदान मुहैया कराती है:--

1. ग्रामीण प्रतियोगिताएं
2. उत्तर-पूर्वी खेल
3. महिला प्रतियोगिताएं एवं
4. विशेष क्षेत्र (एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों + जम्मू और काश्मीर)

(क) राष्ट्रीय स्तर पर खेल विधाओं की सूची:

तीरंदाजी एथेलेटिक्स बैडमिंटन बास्केट बाल मुक्केबाजी	साइक्लिंग फुटबाल जिमनास्टिक हैंडबाल हॉकी	जूडो कबड्डी खो-खो तैराकी टेबल-टैनिस	ताइक्वांडो वालीबाल भारोत्तोलन कुश्ती बुशु टेनिस

(ख) ग्रामीण प्रतियोगिताएं: ग्रामीण प्रतियोगिताओं का आयोजन ब्लाक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठित रुप में किया जाता है। यह एक सामूहिक भागीदारी खेल प्रतियोगिता है। इन प्रतियोगिताओं में ब्लाक स्तर तक सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते है। ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण प्रतियोगिताएं 05 खेल विधाओं में आयोजित की जाती हैं, और जिला एवं राज्य स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए ऊपर दिए गए 21 खेलों की सूची में से 10 खेल विधाओं में आयोजित की जाती हैं।

(क) प्रतियोगिता अनुदान: प्रतियोगिता अनुदान तथा पुरस्कार राशि की विद्यमान वित्तीय सीमा बहुत ही कम है, इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। प्रतियोगिताओं के विभिन्न घटकों के विद्यमान दरों को तथा परिशोधित दरों को दर्शाती एक विवरणी **अनुबंध 3 पर** है। नीचे दिए गए मानकों के अनुसार वार्षिक टूर्नामेन्टों के आयोजन के लिए यह 100% अनुदान है।

(ख) पुरस्कार राशि: यह 100% केन्द्रीय अनुदान है जो विजेता खिलाडियों को वितरित किया जाता है।

(ग) पूर्वोत्तर खेल: जन-जातीय तथा पारंपरिक खेलों, विशेषकर पूर्वोत्तर क्षेत्र खेलों को प्रोत्सहित करने तथा बढ़ावा देने हेतु, उत्तर-पूर्वी खेलों के नाम और शैली पर आधारित वार्षिक प्रतियोगिताओं का जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया जाना है। इन खेलों के आयोजन हेतु पूर्वोत्तर राज्यों को 100% केन्द्रीय अनुदान दिया जाता है।

(घ) महिला प्रतियोगिताएं:- यह 100% अनुदान है जो महिला खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु वार्षिक रुप से दिया जाता है।

(ड.) विशेष क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं:

विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं अर्थात ग्रामीण प्रतियोगिता, महिला प्रतियोगिता तथा उत्तर-पूर्वी खेलों को आरजीकेए के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विद्यमान प्रबंध व्यवस्था को जारी रखने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त यह प्रस्ताव है कि 9 राज्यों में फैले वामपंथ उग्रवाद प्रभावित जिलों (एलडब्ल्यूई) में जो मौजूदा 88 संख्या में है जो योजना आयोग तथा जम्मू कश्मीर को भी स्कीम द्वारा **"एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों हेतु एसीए"** में कवर करता है, में भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। इन प्रतियोगिताओं का अर्थ है बच्चों को काम में लगाये रखना तथा उन्हें अनैतिक गतिविधियों से दूर रखना है। इन प्रतियोगिताओं का तरीका ग्रामीण प्रतियोगिताओं जैसा है जो इस स्कीम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

(च) प्रतियोगिताओं का केलेन्डर: यह प्रतियोगिताएं प्रगति हेतु आयोजित की जाती है तथा इन्हें प्रत्येक प्रतियोगिता के सामने दर्शाए महीनों में पूरा किया जाता है:

(क) ब्लाक स्तर प्रतियोगिताएं प्रत्येक वर्ष अगस्त के अंत में।

(ख) जिला स्तर प्रतियोगिताएं प्रत्येक वर्ष अक्तूबर के अंत में तथा

(ग) राज्य स्तर प्रतियोगिताएं प्रति वर्ष नवम्बर के अंत में।

प्रतियोगिताओं की उपर्युक्त अनुसूची केवल निदर्शी है तथा राज्य/संघ राज्य अपने-अपने सम्बद्ध राज्यों/संघ राज्यों की जलवायु-विषयक संबंधी स्थिति, स्कूल/कालेज परीक्षा आदि को ध्यान मे रखकर ब्लाक स्तर से राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं की अनुसूची को भी तैयार करेगे। परन्तु सभी निम्न स्तर

प्रतियोगिताओं को प्रत्येक वर्ष नवम्बर तक पूरा करने की आवश्यकता है ताकि दिसम्बर/जनवरी के दौरान आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में राज्य टीम भाग लेने की स्थिति मे हो।

2.9.5 स्वतंत्र माँनीटरिगं तथा मिशन अभियान समेत प्रशासनिक खर्चे: परियोजना की कुल अनुमानित लागत का आरजीकेए के शेयर का 6% (अनावर्ती तथा आवर्ती तत्वों को शामिल करने के बाद) प्रशासनिक खर्चे तथा अन्य बातों के साथ-साथ पूर्ण-कालिक बाहरी मानीटरिंग तथा पर्यवेक्षण एजेन्सी का प्रबंध करना विशेषकर 634 जिलों के 6545 ब्लाकों को अगले पांच वर्ष की अवधि में कवर कर ब्लाक खेल अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करना; ब्लाक स्तर पर खेल कोचों/प्रशिक्षकों का चयन प्रशिक्षण एवं परिनियोजन तथा नियमित रुप से विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का प्रस्ताव है।

यह 6% की राशि तीन विशिष्ट उद्वेश्यों के उपयोग के लिए होगी:

(क) 1% राशि राज्य प्राधिकारियों के पास आरजीकेए प्रशासन से संबंधित खर्चों के लिए उपलब्ध रहेगा।

(ख) 2% राशि जिला स्तर (डीएम एवं कलेक्टर) की कार्यान्वयन एजेन्सियों के निपटान पर प्रस्तावित ब्लाक स्तर खेल अवसंरचना सुविधाओं के पर्यवेक्षण खर्चे से संबंधित होगी।

(ग) 3% राशि स्कीम हेतु आरजीकेए निदेशालय के पास संबंधित क्रियाकलापों बाहरी माँनीटरिंग एजेन्सियों तथा आरजीकेए स्कीम के प्रचुर मात्रा में प्रचार हेतु होगी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रेमियों की खेलों में भागीदारी बढ़ सकें।

(क) खर्चे की मदें: खर्चे की मदों में मिशन कार्मिकों के पारिश्रमिक से संबंधित भुगतान बाहरी स्रोत कार्य जैसे आइटी मैनेजमेन्ट सूचना प्रणाली का विकास तथा प्रबन्धन को सार्थक बनाना, कोचों/प्राशिक्षकों के लिए वेबसाइट विकास हेतु उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन, वेब समर्थित रिपोर्टिगं प्रणाली, स्थान का किराया तथा कार्यालय उपस्कर की खरीद, मिशन अभियान के लिए एजेन्सी सेवाओं का किराया देना, दृश्य-प्रचार प्रस्तुति तथा मिडिया कैम्पन अभियान, ठेकदारी अथवा अनुसंधान अध्ययन सहायता, निरीक्षण अध्ययन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्रामीण खेलों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा एक्सचेंज कार्यक्रमों को बढावा देना, माँनीटरिगं तथा मूल्यांकन तथा अन्य कोई क्रियाकलाप जो पायका (आरजीकेए) की सामान्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया हो, शामिल है। यह अनुमोदित प्रकिया, सामान्य परिषद द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देशों पर आधारित होगी। सामान्य परिषद अपना स्वयं का अधिनिमय लाएगी जिसे युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

(ख) केन्द्रीय सरकार तथा स्वायत्त निकायों से प्राप्त अंशदान, निजी एवं सार्वजानिक कार्पोरेट हस्तियों, ट्रस्टों, समितियों तथा इंडीविजुअलों से प्राप्त अनुदान निधि की परिसंपत्तियों में शामिल होगा बशर्ते कि सामान्य परिषद द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था से प्राप्त किया गये अंशदान को स्वीकृति अथवा उसके संबंध में, सामान्य परिषद का निर्णय अंतिम होगा।

2.9.6. सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने वाले राज्यों को नकद प्रोत्साहन: यह प्रस्ताव है कि वर्ष 2014-2015 से 05 वर्षों की अवधि हेतु तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने वाले राज्यों का चयन किया जाए।

2.9.7. राज्यों/संघ राज्यों का निधि: केन्द्रीय सरकार से वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक पंचायत स्तर पर आरजीकेए से सम्बद्ध निधि प्रवाह राज्य सरकारों के माध्यम से था, जिनका निधि प्रवाह राज्य वित्त विभाग, खेल विभाग/ग्रामीण विकास विभाग, जिला स्तरीय प्रशासन तथा पंचायत स्तर (ब्लाक/ग्राम) से है। इस निधि प्रवाह के सिलिसले ने काफी समय अवधि ली और ऐसे उदाहरण है कि जहाँ राज्य संचित निधि से जारी की गई निधि बिल्कुल जारी नहीं की गई अथवा केवल कुछ वर्षों के पश्चात खेल विभाग/राज्य खेल परिषद को जारी की गई। यद्यपि विभिन्न राज्यों के खेल मंत्री सचिवों ने यह अनुरोध किया है कि वह प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाएँ। उन्होंने 24 और 25 मई 2013 को आयोजित खेल मंत्रियों/सचिवों के वार्षिक सम्मेलन में निधि जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कहा कि विशेषकर ब्लाक स्तर खेल परिसर; खेल उपस्कर; ब्लाक स्तर तथा जिला स्तर खेल प्रतियोगिताओं से संबंधित निधि को प्रत्यक्ष रुप से जिला मजिस्ट्रेटों को भेजा जाए जबकि राज्य/राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिताओं से संबंधित निधि सचिव खेल/सचिव, राज्य खेल परिषद को सीधे भेजना जारी रखा जाए। फिर भी राज्य संचित निधि के माध्यम से निधि प्रवाह की मौजूदा प्रणाली जारी रहेगी। इस निधि प्रवाह को सेन्टल प्लान स्कीम मॉनीटारिगं सिस्टम द्वारा मॉनीटर किया जाएगा। यह भी प्रस्ताव है कि भीतरी खेल हाल के निर्माण हेतु जारी की जाने वाली निधि (प्रत्येक 80 लाख रुपये, प्रीफैवरिकेटिड सामग्री के साथ एकरुपता लाने तथा 3-4 वर्ष की अवधि में 634 जिलों के विभिन्न ब्लाकों में तुरंत निर्माण हेतु) को दोनों ही केन्द्र और राज्य हिस्से को निलम्वलेख (एस्क्रो) खाते में यानि दो और तीन सेन्टल कन्स्ट्रक्शन पीएसयू जैसे एनबीसीसी; हिन्दुस्तान प्रीफेव लि0 (एचपीएल); एनपीसीसी;एचएससीएल; ईपीआई; इरकोन; आरआईटीईसी आदि कार्यान्वित एजेन्सियों द्वारा तैयार कराया जाना चाहिए, **जिन्हें एक प्रतियोगी बोली पद्धति के माध्यम से सूची में रखा जाएगा।** इस निधि का प्रयोग चयनित पीएसयू द्वारा (प्रीफैवरिकेटिड) भीतरी हाल के लिए सप्लायर को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। प्रति वर्ष प्राप्त होने वाला ब्याज, प्रोत्साहन के रुप में राज्य के निष्पादन हेतु उस वर्ष राज्य में स्थापित भीतरी हाल ढांचे के अनुपात में उपलबध कराया जाएगा।

विभिन्न स्रोतों अर्थात मनरेगा; एनएलसीपीआर-सेन्ट्ल; एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों के लिए एसीए; बीआरजीएफ; आरजीकेए; एमपीएलएडीएस/एमएलएएलएडीएस से प्राप्त निधि जिला मजिस्ट्रेट स्तर (डीएम) पर इकटठी की जाएगी जो स्कीम के कार्यान्वयन हेतु अपने अंतर्गत विभिन्न ब्लाकों में 5 वर्ष की अवधि के लिए उचित मंजूरी आदेश जारी करेगा।

3.	अध्याय	प्रशासनिक मामले

3. प्रशासनिक मामले:

3.1 सतर्कता: राज्य स्तर, जिला स्तर तथा ब्लाक स्तर पर एमजीएनआरईजीए, 2013 के प्रचालन दिशा-निर्देशों के पृष्ठ 117-119 पर दिए सतर्कता संबंधी विद्यमान उपबंधों को ब्लाक स्तर खेल परिसर के विकास के साथ आरजीकेए में लागू किए जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास मंत्रालय के आदेश सं. 0-13018/2002ए I'(आरडी) खंड-2 (पार्ट) दिनांक 09-11-2014 में अलग-अलग राज्यों में **संसद सदस्य को अध्यक्ष**, सभापति के रुप में तथा जिला परिषद एवं **एमएलए** को सदस्य के रुप में तथा सरकारी आधिकारियों द्वारा गठित जिला स्तर सतर्कता एवं पर्यवेक्षण के लिए उपयोग में लाया जाएगा। उक्त **जिला स्तर सतर्कता एवं मानीटरिंग कमेटी** को **प्रतिष्ठित खिलाड़ियों** तथा जिला युवा समन्वयकर्ता **(डीवाईसी),** एनवाईकेएस को सदस्य के रुप में शामिल कर इसका आगे विस्तार किया जाएगा।

3.2 बाहय माँनीटरों द्वारा गुणता माँनीटरिंग: आरजीकेए की विद्यमान मानीटरिंग रचना को आरजीकेए के अधिक संख्या में बाहय मानीटर के रुप में प्रेक्षक तैनात कर उसे और मजबूत बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त संपूर्ण स्कीम की मानीटरिंग और पर्यवेक्षण हेतु एक पूर्णकालिक स्वतंत्र मानीटरिंग एजेन्सी को काम में लगाया जाएगा।

3.3 मास्टर खेल प्रशिक्षक/खेल प्रशिक्षकों की तैनाती: ब्लाक स्तर पर सर्जित की जाने वाली प्रस्तावित खेल-सुविधाओं के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ब्लाक स्तर खेल परिसर में एक मास्टर खेल प्रशिक्षक तथा दो खेल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित खेल कोचों के रुप में तैनात किया जाएगा। यह प्रस्ताव है कि सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में कार्यरत शारीरिक शिक्षा अध्यापकों (पीईटी) की सेवाओं का उपयोग में लाया जाए। राज्यों/संघ राज्यों को सक्रिय रुप से प्रोत्सहित करने के लिए खेल कोचों/प्रशिक्षकों को अपने संसाधनों से मेल खाती समान अंशदान राशि इन्हें मानदेय के रुप में दे दी जाए। इसके अतिरिक्त, जिला/ब्लाक खेल परिषद/ ब्लाक पंचायतों को प्रोत्सहित किया जाए कि वह मास्टर खेल प्रशिक्षक तथा दो खेल प्रशिक्षकों को समान राशि का अंशदान मानदेय के रुप में दें ताकि मास्टर खेल प्रशिक्षक तथा दो खेल प्रशिक्षक काफी बड़ी तथा एक-मुश्त राशि मानदेय को रुप में प्राप्त कर सकें तथा आरजीकेए के अंतर्गत ब्लाक स्तर खेल परिसर में प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्य में सक्रिय रुप से रुचि ले सकें। पांचवर्ष के बाद, यह राज्य सरकार की जिम्मेवारी होगी। कि वह इस घटक हेतु निधि जुटाए।

3.4 पूर्वोत्तर राज्यों; जम्मू और काश्मीर; वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों तथा अशांत क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा निधि प्रवाह : यह प्रस्ताव है कि आवश्यकताओं पर आधारित विभिन्न सीएपीएओ, सेना आदि हेतु विभिन्न अशांत क्षेत्रों में अलग से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु सीमित निधि अर्थात खेल प्रतियोगताओं के लिए अपेक्षित कुल निधि का 10% जारी किया जाए।

